प्रेस नोट

बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने हरियाणा सरकार से पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की मांग की।

नई दिल्ली
दिनांक–25 / 05 / 2022

बंधुआ मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय 7,जंतर मंतर रोड नई दिल्ली को सूचना मिली थी कि **गांव–माजरा, जिला–झज्जर, हरियाणा में उजाला नामक ईट भट्टे** पर मंगलवार की दोपहर को दो मासूम बच्चों की गड्ढे में भरे पानी में डूबने से दर्दनाक मृत्यु हो गई ईट भट्टा मालिक दीपक ने एक दिन पहले बरसात का पानी इकट्ठा करने के लिए पंद्रह से बीस फुट गहरा गड्ढा जेसीबी मशीन से खुदवाया था। मजदूरों के बार–बार मना करने पर भी भट्टा मालिक नहीं माना जिसके कारण दो परिवार के बच्चे इस हादसे का शिकार हो गए। ईंट भट्टा मालिक ने गड्ढा खोदकर उसके चारों तरफ ना तो कोई तार की लाइन खिंचवाई और न हीं कोई चेतावनी बोर्ड लगाया जानकारी के अनुसार बादली के झज्जर रोड पर उजाला नामक ईट भट्टे पर मजदूर पिछले आठ माह से बिहार के जमुई जिला के गांव सारेबाद के रहने वाले शकलदेव और माधो अपनी पत्नी और बच्चों के साथ माजरा गांव के उजाला ईट भट्टे पर रोजी रोटी कमाने आए हुए थे उनके रहने के लिए भट्टा मालिक ने कोई व्यवस्था नहीं की थी। वह एक झोपड़ी बनाकर रह रहे थे बारिश होने के कारण दो दिन से ईट भट्टा पर काम बंद था। जिसमें ढाई वर्षीय गुंजन पुत्र सकलदेव और चार वर्ष के सनी कुमार पुत्र माधव बाहर खेलने के लिए अन्य बच्चों के साथ चले गए मिट्टी पर फिसलन होने के कारण बच्चों के पैर फिसल गए और दोनों बच्चे गड्ढे में गिर गए पास में कोई व्यक्ति ना होने के कारण दोनों बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। अन्य बच्चों ने शोर मचाया लेकिन दोनों बच्चों को बचाया नहीं जा सका देखते ही देखते सभी मजदूर वहां इकट्ठा हो गए। बड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को गड्ढे से बाहर निकाला जा सका मौके पर ही दोनों बच्चों की मौत हो गई।

जिसके बाद बंधुआ मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश जी ने बंधुआ मुक्ति मोर्चा की एक टीम सर्वेक्षण के लिए मौके पर भेजी जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री मकेन्द्र कुमार, श्री अशोक कुमार, श्री जावेद एवं श्री सोनू तोमर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बच्चों के परिवार एवं माता–पिता से घटना की पूरी जानकारी ली। जिसमें पीड़ित परिवार ने बताया की हमारे बार–बार मना करने पर भी ईट भट्ठा मालिक दीपक ने यह गड्ढा हमारे आने जाने वाले रास्ते पर खुदवाया था **उन्होंने बताया कि ईट भट्ठा मालिक दीपक ने हमारे बच्चों की मृत्यु होने के बावजूद हमें धमकाया और गाली–गलौज की और कहा अगर तुम लोगों ने किसी को कुछ बताया तो तुम लोगों को भी इसी में गाड़ दूंगा।**

बंधुआ मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश जी ने हरियाणा सरकार से प्रत्येक पीड़ित परिवार को दस लाख रुपए मुआवजा एवं एक सरकारी नौकरी दिलाने की मांग की और उजाला ईट भट्ठा मालिक दीपक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने प्रशासन से मांग की है की अपराधी के विरुद्ध,अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम 1989,एवं इंटर स्टेट माइग्रेंट वर्क एक्ट 1979 के तहत कानूनी कार्यवाही करते हुए ईट भट्ठा मालिक दीपक पर केस दर्ज किया जाए।

श्री जावेद
कार्यालय सचिव
बंधुआ मुक्ति मोर्चा
मो0–7011774973